विश्वसनीयता व ग्राहक विकास के आधार

रविवार को बेल्डीह क्लब में आयोजित टीएसपीडीएल के कस्टमर मीट-2011 में बोले एमडी संदीपन चक्रवर्ती

भास्कर न्यूज | जमशेदपुर

टीएसपीडीएल को 1600 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनी बनाने में ग्राहकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उक्त बातें टीएसपीडीएल के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने कहीं।

मौका था, रविवार को बेल्डीह क्लब में टीएसपीडीएल (टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड) के कस्टमर मीट 2011 का। एमडी चक्रवर्ती ने कहा कि टाटा ग्रुप की विश्वसनीयता व ग्राहक संबंध विकास का मुख्य आधार है।

रविवार को बेल्डीह क्लब में आयोजित टीएसपीडीएल की कस्टमर मीट को संबोधित करते संदीपन चक्रवर्ती (इनसेट में) तथा उपस्थित अतिथि।

स्वागत संबोधन टीएसपीडीएल के महाप्रबंधक ओमप्रकाश ने दिया। उन्होंने टीएसपीडीएल के वर्ष 2015 तक के ग्रोथ प्लान के संबंध में जानकारी दी।

इस मौके पर टाटा स्टील के मुख्य प्रबंधक सेल्स संतोष एंटोनी ने गुणवत्तापूर्ण स्टील उपलब्ध करवाते रहने का आश्वासन दिया। टाटा मोटर्स के महाप्रबंधक मोहन कुमार ने वर्ष 2015 तक कंपनी में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। एकमा के चेयरमैन किलोल कमानी ने टीएसपीडीएल के कस्टमर रिलेशन की सराहना की।

कार्यक्रम में टाटा स्टील के वरीय पदाधिकारी सुधांशु पाठक, आशीष गुप्ता, आलोक कृष्णा, ट्यूब डिविजन के ईआईसी राजीव मंगल, टाटा मोटर्स के वरीय महाप्रबंधक पीके सिन्हा, श्रीराम कुमार, आरएसबी ट्रांसमिशन के प्रबंध निदेशक एसके बेहरा समेत कई कंपनियों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में टीएसपीडीएल के सीईओ अब्राहम स्टीफेंस, श्यामल चक्र वर्ती, हेड (सीआर) अशोक बलियान, हेड (बारा) जयदेव चांद समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन पॉलोमी चटर्जी तथा धन्यवाद ज्ञापन सौमित्र मुखर्जी ने किया।